हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
2 Aug 202

# भूगोल विभाग ने मनाया बाघ दिवस



डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य प्रदीप जाबुलकर के निर्देशन में भूगोल विभाग ने विश्व बाघ दिवस मनाया। विभागाध्यक्षा हेमूराम पदमे ने कहा कि वनों को बचाना आवश्यक हो गया है क्योंकि निरंतर कटाई से वन कम होते जा रहे हैं। वहीं जीव जंतु भी विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गए हैं जिन्हे भी बचाना आवश्यक है। इस मौके पर अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष गुलशन सिन्हा आदि ने अपने विचार रखे। अंत में आभार प्रदर्शन वेद प्रकाश साहू ने किया। कार्यक्रम में योगेश, चंद्रशेखर, ज्योति ,गायत्री, सिद्धि, महावीर कोचर आदि शामिल हुए।

# सतत विकास के लिए बुनियादी विज्ञान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के मार्गदर्शन में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा 28 नवम्बर मंगलवार को सतत विकास के लिए बुनियादी विज्ञान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तालचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया. सभी अतिथियों के स्वागत के पश्चात रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक ओमप्रकाश वर्मा द्वारा सतत विकास में विज्ञान की भूमिका को समझाया और कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण दिया. प्रतियोगिता में कुल 14 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें श्वेता गणवीर बीएससी तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, नम्रता हठीले बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा शीतल वर्मा बीएससी तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. प्रतियोगिता के निर्णायक समिति में अविनाश सिंह विभागाध्ययक्ष वनस्पति शास्त्र व सुश्री ऋचा अग्रवाल अतिथि व्याख्याता प्राणीशास्त्र शामिल थे. कार्यक्रम में प्रयोगशाला तकनीशियन केजी सोनकर, संजय तिवारी, सहित बडी संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।





# बीएससी तृतीय की श्वेता ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

डोंगरगढ़. नेहरू कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के मार्गदर्शन में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा सतत विकास के लिए बुनियादी विज्ञान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तालचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया. सभी अतिथियों के स्वागत के पश्चात रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक ओमप्रकाश वर्मा द्वारा सतत विकास में विज्ञान की भूमिका को समझाया और कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण दिया. प्रतियोगिता में कुल 14 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमे श्वेता गणवीर बीएससी तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, नम्रता हठीले बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय, स्थान तथा शीतल वर्मा बीएससी तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. निर्णायक समिति में अविनाश सिंह विभागाध्ययक्ष वनस्पति शास्त्र व सुश्री ऋचा अग्रवाल अतिथि व्याख्याता प्राणीशास्त्र शामिल थे. इस अवसर पर केजी सोनकर, संजय तिवारी, सहित बडी संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए. कार्यक्रम का संचालन झालेश्वर साहू बीएससी तृतीय वर्ष एवं आभार प्रदर्शन सहा.प्राध्यापक श्रीमती सोनाली लोया द्वारा किया गया.

# वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा मनाई गई जगदीश चंद्र बोस की जयंती

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह के मार्गदर्शन में आचार्य जगदीश चंद्र बोस की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया प्रतियोगिता का विषय हसदेव वनों की कटाई सही या गलत रखा गया था. कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य के उद्बोधन से हुई जिसमें उन्होंने हसदेव वनों की कटाई के ऊपर प्रकाश डाला. उक्त प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया.पक्ष एवं विपक्ष दोनों ने ही अपने बातों को प्रभावी तरीके से रखा व बताया कि विकास के लिए हमें बहुमूल्य वनों का बलिदान देना पड़ रहा है.



हरिभूमि

रायपुर - छत्तीसगढ़ी भूमि
2 Dec 2022

# मनाई जगदीश चंद्र बोस की जयंती

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह के मार्गदर्शन में आचार्य जगदीश चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय हसदेव वनों की कटाई सही या गलत था ? । कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य ने हसदेव वनों की कटाई पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में प्रथम रोशनी सोरी, द्वितीय संकेत महोबिया एवं तृतीय स्थान सुनील साहू को मिला। संचालन झालेश्वर साहू, किरण वर्मा एवं अकरम बेग ने किया।



# एड्स दिवस पर जागरूकता इसके बचाव पर की चर्चा




अतिथियों को सम्मानित किया गया।

**भास्कर न्यूज | डोंगरगढ़**

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जांबुलकर के दिशा निर्देश में एनएसएस एवं रेड क्रॉस के द्वारा विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विषय विशेषज्ञ रामकृष्ण अस्पताल डोंगरगढ़ के डॉ.जितेंद्र भारद्वाज, डॉ. तौसिफ प्रजा मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आरआर कोचे के संबोधन हुई। विषय विशेषज्ञ डॉक्टर भारद्वाज ने एड्स जागरूकता, बचाव के संदर्भ में विस्तार पूर्वक चर्चा की। छात्र-छात्राओं के द्वारा सवाल-जवाब किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनएसएस महिला अधिकारी नीलम चतुर्वेदानी, पुरुष इकाई अधिकारी एचआर पदमे, समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, एनएसएस के स्वयं सेवक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम समापन व आभार कार्यक्रम अधिकारी पदमे ने किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक मयूरी सिन्हा ने किया।

# नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया एड्स दिवस




डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के दिशा निर्देश में एनएसएस एवं रेड क्रॉस के द्वारा विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विषय विशेषज्ञ के रूप में रामकृष्ण अस्पताल डोंगरगढ़ डॉ. जितेंद्र भारद्वाज एवं डॉ. तौसीफ प्रजा मौजूद थे.

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत एवं डॉ आर.आर .कोचे के संबोधन से किया गया.तत्पश्चात विषय विशेषज्ञ डॉक्टर भारद्वाज के द्वारा एड्स जागरूकता अबचाव के संदर्भ में विस्तार पूर्वक चर्चा की. छात्र छात्राओं के द्वारा सवाल-जवाब किए गए. इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनएसएस महिला अधिकारी श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, पुरुष इकाई अधिकारी एच.आर. पदमे, समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, एन.एस.एस के स्वयंसेवक, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. कार्यक्रम समापन व आभार एन.एस.एस पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी एच.आर. पदमे के द्वारा किया गया. कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक मयूरी सिन्हा ने किया.

# मौन रखकर डॉ. अंबेडकर को किया याद



डोंगरगढ़. बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि।

**डोंगरगढ़|** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के ग्रंथालय विभाग में छह दिसंबर को प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जांबुलकर के निर्देशन एवं ग्रंथालय विभाग के विभागाध्यक्ष नितेश तिरपुडे के मार्गदर्शन में संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का 66वां महा परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर उपस्थित कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा दो मिनट मौन धारण किया। विभागाध्यक्ष तिरपुड़े ने छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों को डॉ. अंबेडकर के संघर्षमय जीवन की विस्तार से जानकारी दी।

हरिभूमि
रायपुर-संस्कारधानी भूमि
8 Dec 2022



# जलवायु परिवर्तन पर कॉलेज में व्याख्यान

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय के भूगोल विभाग ने प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन एवं भूगोल विभागाध्यक्ष हेमूराम पद्मे एवं डॉ. नौशीन अंजुम के नेतृत्व में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। वक्ता के रूप में शासकीय पाटणकर महिला महाविद्यालय की सहायक प्रध्यापक डॉ सुषमा यादव एवं वीवायटी महाविद्यालय दुर्ग के सहायक प्राध्यापक डॉ अनिल मिश्रा उपस्थित थे। प्रथम व्याख्यान डॉ अनिल मिश्रा ने भूगोल में मात्रात्मक क्रांति, उसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। डॉ श्रीमती यादव ने जलवायु परिवर्तन के कारणों, प्रभावों एवं भूगोल के ज्ञान से नियोजन कैसे करना आदि से अवगत कराया। संचालन डॉ. नौशीन अंजुम एवं आभार प्रदर्शन हेमूराम पद्मे ने किया।


शास. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ (छ.ग.)
भूगोल विभाग


शास. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ (छ.ग.)

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
15 Dec 2022

# स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण



डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे एवं नीलम चतुर्वेदानी के तत्वावधान में पुराने महाविद्यालय भवन के गार्डन में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर एनएसएस के विक्की रामटेके, नंदनी साहू, राजाराम सिन्हा, वैशाली, रोशन वर्मा, कृष्णा गुप्ता, प्रियांश अनवर, अकरम, मानसी वर्मा, पूजा, सारिका नेताम, दीपशिखा सेन सहित अन्य उपस्थित थे।

# मानव अधिकार पाने में जाति धर्म, राष्ट्रीयता आड़े नहीं आती




डोंगरगढ़. कॉलेज में मानव अधिकार पर विचार गोष्ठी हुई।

भास्कर न्यूज | डोंगरगढ़

शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के राजनीति विज्ञान विभाग में मानव अधिकार दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन एवं राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका अनिमा मिंज के मार्गदर्शन में मानव अधिकार दिवस मनाया गया।

प्राध्यापिका मिंज ने छात्रा-छात्राओं को बताया कि मानव अधिकार इंसान को जन्म से ही प्राप्त है। इन्हें पाने में जाति, लिंग, धर्म, भाषा, रंग तथा राष्ट्रीयता आड़े नहीं आती। सभी के लिए स्वास्थ्य के बिना कोई सम्मान, स्वतंत्रता और न्याय नहीं हो सकता। स्वास्थ्य का अधिकार हर किसी को हर जगह, सस्ती, गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा मिल सके। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं मनीषा साहू, दीपा, रोशनी कवर, कामिनी साहू, दीपक, रोशन, भोजराज, किरण, सुनील, पूजा, कोमल, सुनीता, सोनिया, कुसुम, ओमप्रकाश, गणेश साहू ने भी मानवाधिकार के बारे अपने विचार व्यक्त किया।

# कम्प्यूटर की शिक्षा लेने वालों के लिए भविष्य में भी बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

## विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस पर अतिथि व्याख्यान में विशेषज्ञों ने कहा

**भास्कर न्यूज | डोंगरगढ़**



व्याख्यान में सूचना प्रौद्योगिकी की महत्ता को बताया।

शासकीय नेहरू स्नातकोतर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन में कम्प्यूटर विभाग की तूलिका चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिबस पर अतिथि व्याख्यान हुआ। व्याख्यान में विषय विशेषज्ञ के रूप में बीआईटी दुर्ग के मैनेजमेंट विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती उपस्थित थे। डॉ. चक्रवर्ती का स्वागत वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक गोपाल कृष्ण यादव ने किया। व्याख्यान में सूचना प्रौद्योगिकी की महत्ता पर बताया कि कैसे आज सूचना प्रौद्योगिकी हर क्षेत्र में फैला है। कैसे उससे रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। ये भी बताया कि हर क्षेत्र में कम्प्यूटर की उपयोगिता बढ़ती ही जा रही और क्योंकि आने वाले समय में हर क्षेत्र कम्प्यूटर से जुड़ जाएगा, कम्प्यूटर जानने वाले लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ जाएंगे। आज हम जो भी सीख रहे हैं उसे ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जन करने की कोशिश करें और हर कोशिश अब अपने भविष्य को और अच्छा करने के लिए करें। अंत में सहायक प्राध्यापक यादव ने आभार प्रदर्शन करते हुए विषय विशेषज्ञ डॉ. चक्रवर्ती को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कम्प्यूटर साइंस विभाग सहित अन्य विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

19 Dec 2022



# जयंती पर नाटक का मंचन

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन एवं हिन्दी विभाग की प्राध्यापक डॉ. नीता राजपूत एवं डॉ. मेधाविनी तुरे के नेतृत्व में कालिदास जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों ने मालविकाग्निमित्रम और अभिज्ञान शाकुन्तलम नाटक का मंचन किया। महाकवि कालिदास को पुष्पांजलि देने तथा अतिथि सत्कार के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ने कालिदास के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। डॉ. नीता राजपूत ने साहित्य एवं डॉ. मेधाविनी तुरे ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। छात्रा चांदनी साहू ने सरस्वती वंदना, डिकेश्वरी कंवर ने स्वागत गीत, पार्वती चंद्रवंशी ने जीवन परिचय और आँचल सेन ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। मालविकाग्निमित्रम नाटक में मनीषा राजपूत, भावना, कल्पना वर्मा, आकांक्षा, आँचल सेन, डिकेश्वरी, अभिज्ञानशकुन्तलम में राज यादव, रोशनी यादव, तामेश्वरी, आकांक्षा ने अभिनय किया। इस मौके पर डाकेश्वर वर्मा, रमन साहू, श्वेतराज शर्मा, भामिनी, टिकेश्वरी ,शकुंतला, मेधा आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

21 Dec 2022

# व्यवहार और दायित्व पर विचार गोष्ठी



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन और हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ. नीता राजपूत, डॉ. मेधाविनी तुरे, नीलम सिन्हा के नेतृत्व में वृध्दजन दिवस के अवसर पर वृध्दों के प्रति हमारा व्यवहार और दायित्व विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

इस अवसर पर डॉ. नीता राजपूत ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृध्दों के प्रति हमारा व्यवहार साकारात्मक और सहयोगात्मक होना चाहिये। उनके अनुभवों से सीख लेकर भावी जीवन को संवारने का प्रयास करना चाहिए। डॉ. मेधाविनी तुरे ने कहा कि वृध्द जीवन आधार हैं और हमें उनका सम्मान करना चाहिए। नीलम सिन्हा ने वृध्दों के प्रति रवैये को उचित रखने और सम्मान देने की बातें कही। इस दौरान नीलम वर्मा, ममता जंघेल, प्रिया, कामिन, आकाश, ओम, चेतन, हुकुम, मेघा, उमेश्वरी, दीपिका, यामिनी, रेशमी, सोम, गीता, कविता, नेहा साहू, आरती वर्मा, चांदनी, रमन साहू, दीपेश डे, तामेश्वर, लता, चमेली, डिगेश्वरी, हरीश, परमेश्वर बलराम, भागवत, शकुंतला ने अपने विचार व्यक्त किए।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

21 Dec 2022

# छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़



नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन एवं हिन्दी विभाग के प्राध्याप डॉ. नीता राजपूत, डॉ. मेधाविनी तुरे, नीलम सिन्हा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रदर्शनी सहित गीत, नृत्य, वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर ने छत्तीसगढ़ी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. नीता राजपूत ने छत्तीसगढ़ी भाषा ,संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए स्वरचित कविता का पाठ किया।

इस मौके पर सोम ने दुधफरा, गीता ने भजिया चटनी, प्रिया ने गुलगुला भजिया,टिकेश्वरी ने चीला, हुकुम ने जलेबी- सेव, रेशमी ने रसमलाई की प्रदर्शनी लगाया। गीत प्रतियोगिता में रश्मि पटेल प्रथम और डिकेश्वरी कंवर द्वितीय, लोकनृत्य प्रतियोगिता में मनीषा एवं साथी प्रथम, तामेश्वर एवं साथी द्वितीय, राज यादव, रोशनी यादव तृतीय, वेशभूषा प्रतियोगिता में कल्पना वर्मा प्रथम, नेहा पटेल द्वितीय, सोम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विचार अभिव्यक्ति में डाकेश्वर वर्मा ने प्रथम और मुकेश साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. आशा चौधरी, डॉ. कोचे, नीलम चतुर्वेदानी, हेमुराम पद्मे, डॉ. नौशीन अंजुम, अणिमा मिंज, पद्मा खूंटे, मनीषा भेड़िया, एवलाल मेश्राम, जेके देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

# कॉलेज में राष्ट्रीय कृषक दिवस पर हुआ व्याख्यान

## पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को किया याद

भास्कर न्यूज | डोंगरगढ़

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के भूगोल विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन में, भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष हेमुराम पदमे एवं डॉ. नौशीन अंजुम के नेतृत्व में 23 दिसंबर को राष्ट्रीय कृषक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके कार्यों को याद कर छात्र-छात्राओं को अवगत कराना था। क्योंकि महाविद्यालय अधिकांश छात्र-छात्राएं कृषक परिवारों से संबंधित है।

भूगोल विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषक दिवस पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। हेमू राम पदमे द्वारा इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. नीता राजपूत, डॉ. मेधाविनी तुरे, राजनीति विभाग से एनिमा मिंज, अंग्रेजी विभाग से अंजली का स्वागत किया। इसके बाद भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ. नौशीन अंजुम, हेमू राम पदमे ने किसान दिवस के आयोजन से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। डॉ.चौधरी ने छात्र-छात्राओं को कृषक दिवस पर किसानों की अर्थव्यवस्था में महत्व एवं समस्याओं से अवगत कराया।

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
25 Dec 2022

# रोजगार पर व्याख्यान



डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन में मुंबई स्टॉक एक्सचेंज के सहयोग एवं वाणिज्य विभाग के गोपाल कृष्ण यादव, बेदप्रकाश साहू, ज्योति साहू एवं प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में वित्तीय बाजार में जागरूकता एवं रोजगार की संभावनाएं विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रशिक्षक जफरुद्दीन शामिल हुए। विभागाध्यक्ष श्री यादव ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक युग में सिर्फ पैसा कमाना ही काफी नहीं बल्कि उस पैसे का सही उपयोग भी होना चाहिए। सहायक प्राध्यापक बेदप्रकाश साहू, ज्योति साहू एवं प्रतिभा सिंह ने भी विचार व्यक्त किए।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

26 Dec 2022

# विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण



डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में विगत दिनों प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग की तूलिका चक्रवर्ती के नेतृत्व में पीजीडीसीए एवं डीसीए के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौध रोपण किया।

नवभारत
छतीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 30 Dec 2022 - 30rajn2
epaper.navabharat.news

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर प्रारंभ



नवभारत रिपोर्टर. डोंगरगढ़.

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी हेमुराम पद्मे एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के मार्गदर्शन में 7 दिवसीय शिविर ग्राम करेला भवानी में 28 दिसंबर से प्रारंभ हुआ. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंडार पुर के संयुक्त तत्वधान में सत्र 2022-23 के इस शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल की उपस्थित में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर राजकीय गीत के साथ हुआ. विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत करेला सरपंच श्रीमती कौशल्या देवलाल कंवर , विप ल्लव साहू जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव, मुरली वर्मा जनपद उपाध्यक्ष खैरागढ़ ,मुरली वर्मा मंडी अध्यक्ष डोंगरगढ़, श्रीमती अनुसूया नागपुरे जनपद सदस्य खैरागढ़ ,लक्ष्मीकांत वर्मा ग्राम पंचायत भंडार पुर सरपंच, जगन लाल सेन अध्यक्ष जन भागीदारी शिक्षा समिति भंडार पुर, मंदिर ट्रस्ट प्रमुख, प्राध्यापक डॉ आशा चौधरी ,,सहायक प्राध्यापक गुलशन सिन्हा, वेद प्रकाश साहू शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ अन्य सहयोगी दल नायक विक्की रामटेके दल नायिका वैशाली एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

सराहना की। असिस्टेंट व

**आयोजन** • राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में शामिल हुईं कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा, आगामी वार्षिक परीक्षा के लिए स्टूडेंट्स को दिए टिप्स

# एनएसएस इकाई प्रत्येक महाविद्यालय का बल: कुलपति

भास्कर न्यूज | डोंगरगढ़

शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंडारपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में बौद्धिक परिचर्चा व निरीक्षण के लिए हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा पहुंची। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हेमुराम पदमे, नीलम चतुर्वेदानी, प्रिया ठाकुर एवं राजेश ठाकुर के मार्गदर्शन में शिविर लगाया गया है।


डोंगरगढ़. शासकीय नेहरू महाविद्यालय में आयोजित शिविर में शामिल हुईं कुलपति व अन्य।

कुलपति डॉ पल्टा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं को कहा कि एनएसएस इकाई प्रत्येक महाविद्यालय का बल है। हमें गर्व महसूस करना चाहिए कि हम एनएसएस के स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाएं हैं। आगामी वार्षिक परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को परीक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए सफलता की कुंजी शॉर्टकट ना हो। कड़ी मेहनत करने पर बल दिया। कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को एनएसएस शिविर संबंधी अनुशासन के बारे में जानकारी दी।

## शिविर स्थलों का निरीक्षण किया

जिला संगठक जिला राजनांदगांव डॉ. एसके पटेल ने कार्यक्रम अधिकारियों को शिविर को संचालित करने निर्देशित किया। डॉ. एलसी शासकीय महाविद्यालय ठेलकाडीह के प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक विनय सहित सभी अतिथियों ने बौद्धिक परिचर्चा में हिस्सा लेने के बाद शिविर स्थलों का निरीक्षण किया। कार्य परियोजना के लिए दल नायक विक्की राम्टेके, दल नायिका वैशाली लॉऊत्रे, उप दल नायक राजाराम, दल प्रभारी रोशन वर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी दीपक वर्मा, कृष्णा गुप्ता, उमाकांत, झालेश्वर, दीपशिखा, पायल, मानसी, मयूरी, पूजा, निकिता गुप्ता, संकेत, दल नायक हेमलाल सिन्हा और दल नायिका दीपिका सिन्हा मौजूद रही।

## महाविद्यालय परिवार ने किया कुलपति का सम्मान

कुलपति डॉ. पल्टा ने ग्राम करेला में लगे शिविर में पहुंचने के पूर्व नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ का निरीक्षण किया। छात्र-छात्राओं के लिए उपलब्ध सुविधा की सराहना की। कॉलेज के अधिकारियों-कर्मचारियों को उन्होंने महाविद्यालय विकास व आगामी वार्षिक परीक्षा के संबंध में निर्देश दिए। कॉलेज परिवार ने डॉ. पल्टा को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गया।

# नेहरू महाविद्यालय में किशोरावस्था के व्यक्तित्व विकास पर हुई चर्चा

डोंगरगढ़(नईदुनिया न्यूज)। नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंडारपुर के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम करेला में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। बौद्धिक परिचर्चा एनएसएस अधिकारी श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी द्वारा संपन्न किया गया। चतुर्वेदानी द्वारा किशोरावस्था के व्यक्तित्व विकास में एनएसएस की भूमिका विषय पर चर्चा की। राष्ट्रीय सेवा योजना में 11वीं, 12वीं कक्षाओं के छात्र छात्राओं को सर्वप्रथम एनएसएस स्वयंसेवक के रूप में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाता है। जिनकी उम्र लगभग 16 -17 वर्ष की होती हैं जो कि किशोरावस्था की अवस्था हैं। यह अवस्था मानव विकास की एक विचित्र अवस्था है जिसमें समस्याएं भरपूर रहते हैं। किशोरावस्था में शारीरिक विकास, कल्पना की बहुलता, विद्रोह की प्रवृत्ति, सामाजिक भावना, स्वाभिमान की भावना, निर्णय लेने में अस्थिरता इत्यादि विशेषताएं पाई जाती हैं। एनएसएस के द्वारा इन सभी बिंदुओं पर सहयोग दिया जा रहा है। ताकि शुरुआती समय से ही बालक बालिकाओं को उत्तम नागरिक, लीडर बनाया जा सके। सामाजिक कटाव अभी की स्थिति में जो नवयुवकों में देखा जा रहा हैं इसी खाई को भरने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा द्वारा युवकों के व्यक्तित्व विकास पर बल दे रही हैं।

**लक्ष्य को लेकर स्थिर रहने की जरुरतः** मनीषा भेड़िया ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना नव युवकों में श्रम के प्रति हीन की भावना को खत्म करने का कार्य भी कर रही है। मोनिका वर्मा ने कहा कि किशोरावस्था भटकाव समस्या, संघर्ष की अवस्था है। इस अवस्था में अपने लक्ष्य को लेकर के स्थिर रहना चाहिए। बार-बार डायरेक्शन चेंज नहीं करना चाहिए। इस प्रकार छात्र-छात्राओं को लक्ष्य रखने के लिए उत्साहित किया। बौद्धिक परिचर्चा के पश्चात बाद जिला चिकित्सा अधिकारी बीएमओ खैरागढ़ के आदेशानुसार एएनएम मंजू साहू उप स्वास्थ्य केंद्र भंडारपूर, वर्षा साहू उप स्वास्थ्य केंद्र चिचोला, एचएचवी ,श्रीमती एस यादव मुढीपार के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें एनएसएस के छात्र छात्राएं व ग्रामीण वासियों का स्वास्थ्य जांच करा कर दवाइयां वितरण किया गया।



शिविर में आए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते अतिथि। ● आयोजक

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
4 Jan 2023

# विद्यार्थियों को बताया मतदान का महत्व



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंडारपुर के तत्वावधान में आयोजित रासेयो शिविर के चौथे दिन राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित स्वयं सेवक कौशल गजेंद्र, नरेंद्र मारकंडे, साकेत देशमुख, कमलेश यादव एवं घुमका के सहायक प्राध्यापक दीपक वर्मा शामिल हुए। बौद्धिक परिचर्चा में शामिल होते हुए कौशल गजेंद्र ने प्री-आरडीसी के बारे में जानकारी दी जिससे विद्यार्थी काफी प्रभावित हुए। मतदाता जागरूकता के संबंध ने दीपक वर्मा ने बारे में बताया। इस मौके पर विक्की रामटेके, वैशाली लॉऊत्रे, राजाराम, अनवर बेग, रोशन वर्मा, दीपक वर्मा, कौशल महोबिया, कृष्णा गुप्ता, उमाकांत, झालेश्वर, दीपशिखा, पायल, मानसी, मयूरी, पूजा, निकिता, गुप्ता, संकेत, हेमलाल सिन्हा और दीपिका सिन्हा उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी हेमूराम पदमे ने किया।

# सकारात्मक सोच के साथ करें कार्य

## नेहरू महावि में समय प्रबंधन व कार्यालयीन व्यवहार विषय पर कार्यशाला आयोजित

**डोंगरगढ़ ( सबेरा संकेत )। स्थानीय नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के दिशा-निर्देशन एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. ईव्ही रेवती के मागदर्शन में समय प्रबंधन एवं कार्यालयीन व्यवहार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।**




कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव की प्राचार्य डॉ. श्रीमती बी.एन. मेश्राम की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर द्वारा मुख्य वक्ता डॉ. बी.एन. मेश्राम का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. मेश्राम ने समय प्रबंधन व कार्यालयीन व्यवहार विषय पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि सभी शासकीय कर्मचारियों को शासन के आदेशों एवं निर्देशों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए।

शासन द्वारा प्रशासनिक स्टाफ एवं कर्मचारियों के लिए आचार संहिता बनाई गई है, यदि सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें तो किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। किसी भी प्रकार के कार्य के दौरान तनाव में आकर काम ना करें क्योंकि तनाव में काम करने से खुद के साथ-साथ आप अपने सहकर्मी का भी शारीरिक व मानसिक नुकसान कर सकते हैं। काम का अधिक बोझ होने पर भी मुस्कुराते हुए एवं शांत मन से कार्य संपन्न करें, अगर हम तनाव में रहकर कार्य करते हैं तो हमारी कार्य दक्षता में कमी आ जाती है विचार विमर्श करने में कमजोर महसूस करते हैं।

कार्य का परिणाम भी उचित रूप से प्राप्त नहीं हो पाता, इसलिए किसी प्रकार का कार्य हो प्रसन्न होकर करना चाहिए। संस्था के सभी अधिकारी कर्मचारी महाविद्यालय में आने वाले विद्यार्थियों के साथ -साथ पालकों एवं अन्य आगन्तुकों के साथ अच्छा व्यवहार और आचरण करें उनकी समस्याओं का समाधान करने में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। संचालन सहा.प्राध्या.श्रीमती सोनाली लोधा एवं आभार प्रदर्शन डॉ.आशा चौधरी ने किया।

# नेहरू महाविद्यालय में नेट/सेट परीक्षा की नि:शुल्क कोचिंग प्रारंभ

## अपना लक्ष्य निर्धारित कर करें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी - गिरिश रामटेके




**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में 15 जुलाई को आई.क्यू.ए.सी. के तत्वाधान में नेट/सेट परीक्षा की 30 दिवसीय नि:शुल्क कोचिंग व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम एवं डोंगरगढ़ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गिरिश रामटेके के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ.श्रीमती ई.व्ही.रेवती द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में नेट/सेट परीक्षा के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होने बताया कि वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में नवनियुक्त सहायक प्राध्यापक जो लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित होकर आये है, उनमें से अधिकांश सहायक प्राध्यापक नेट एवं सेट परीक्षा उत्तीर्ण है एवं उन्हे इन परीक्षाओं का अनुभव है, जिसका लाभ छात्र-छात्राओं को मिलेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को इसका पूरा लाभ लेने तथा गंभीरता से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़ गिरीश रामटेके ने महाविद्यालय के प्रबंधन, रखरखाव सकारात्मक वातावरण की सराहना की एवं विद्यार्थियों से अपने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी से संबंधित अपने अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को मोबाइल का सही उपयोग करने के लिए मार्गदर्शन किया। उन्होने विद्यार्थियों को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेटकर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. ई.व्ही. रेवती एवं आभार प्रदर्शन सहा.प्राध्या. डॉ. आशा चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. आर.आर.कोचे, बी.आर.सिवारे, श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, श्रीमती सोनाली लोया, गुलशन सिन्हा, ओमप्रकाश वर्मा, बेदप्रकाश साहू, हेमुराम पदमे, नितेश तिरपुड़े, सहित कर्मचारीगण जे.के देवांगन, संजय तिवारी, बीएस मंडावी, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, संदीप गजभिये, सुशील सोनवानी, शैलेन्द्र यादव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जांच शिविर में स्वस्थ रहने के दिए सुझाव



शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। आयोजक

**डोंगरगढ़(नईदुनिया न्यूज)।** नेहरु महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कालेज के अधिकारी-कर्मचारियों का निश्शुल्क गैर संचारी रोग जैसे ब्लड प्रेशर, शुगर एवं मुख कैंसर का परीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ के एमओ(आयुष) डा.लिलेश गौतम, डा.ममता राय, सीएचओ जया साहू एवं फार्मासिस्ट मुक्ता वर्मा द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डा.प्रदीप कुमार जाम्बुलकर सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारियों का ब्लड प्रैशर, शुगर एवं कैंसर की जांच की गई। जिसमें अधिकांश अधिकारी-कर्मचारियों का स्वास्थ्य ठीक पाया गया। जिनका ब्लड प्रेशर एवं शुगर हाई प्रदर्शित हुआ उन्हें चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के 19 अधिकारियों-कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

23 Jun 2022

### बच्चों से लेकर बूढ़ों तक ने सेहत के लिए किया योग

# योगाभ्यास के साथ हुई सुबह की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग के तत्वावधान में योग दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कला तथा विज्ञान है। महाविद्यालय के योगा एण्ड मेडिटेशन विभाग के साइंस योगाचार्य संतराम वर्मा ने ताड़ासन, पाद हस्थ आसन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, शशांक आसन, मकरासन आदि की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया। अंत में आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. ईव्ही रेवती ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आरआर कोचे, जेके देवांगन, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, संदीप गजभिये, सुशील सोनवानी, शैलेन्द्र यादव, जेआर साहू, महेश कोटांगले, निकिता गुप्ता, नंदनी साहू, वैशाली, पायल देवांगन, शुभम वैष्णव, सुनील, झालेश्वर आदि मैजूद थे।










हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
4 Nov 2022

# छात्रों ने निकाली एकता रैली

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन को एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। एनएसएस प्रभारी हेमुराम पदमे एवं नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व रन फार यूनिटी अंतर्गत एकता रैली निकाली गई। प्राचार्य, प्राध्यापको एवं छात्रों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ आशा चौधरी ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर, गुलशन सिन्हा, डॉ नीता राजपूत, डॉ मेधाविनी तुरे, डॉ नौशिन अंजुम, एवलाल मेश्राम, पदमा खुटे, अनिमा मिंज, मनीषा भेड़यिा, रंजना अंबादे, दल नायक विक्की रामटेके, राजाराम सिन्हा, नंदनी साहू, वैशाली, रोशन वर्मा, पायल, निकिता, प्रिंस, मयूरी, राकेश वर्मा, मानसी वर्मा, काजल सिन्हा, मेघा, धनीता यादव, मयूरी पटेल, प्रज्जवल, वीरेंद्र सिन्हा आदि मौजूद थे।



हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
11 Nov 2022

# मतदान करने किया जागरूक

■ शहर में निकली मतदाता जागरूक रैली



डोंगरगढ़। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के मार्गदर्शन में स्वीप नोडल अधिकारी एचआर पदमे, एनसीसी अधिकारी डॉ. आरआर कोचे, एनएसएस महिला अधिकारी नीलम चतुर्वेदानी एवं कैम्पस एम्बेसडर विक्की रामटेके व लीना देवांगन के नेतृत्व में 9 नवंबर को मतदाता जागरूकता के लिए थीम "पैदल फार पार्टिसिपेटिव इलेक्शन" पर पैदल मार्च का आयोजन किया गया। इस दौरान डोंगरगढ़ नगर के मतदाताओं को मतदान करने जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं की रैली शहर भ्रमण करते थाना चौक, गोल बाजार, जयस्तंभ चौक, रेलवे चौक होते हुए पुनः महाविद्यालय पहुंची। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न पोस्टर एवं जागरूकता नारों द्वारा शहरवासियों को निर्भिक होकर मतदान करने की अपील की।

जागरूकता रैली में तहसीलदार राजू पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल मेश्राम, पार्षद प्रतिनिधि हरिश भंडारी एवं महाविद्यालय के एनसीसी के कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसवेक महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

हरिभूमि
रायपुर-संस्कारधानी भूमि
17 Nov 2022
haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### प्रतियोगिता में सायना और प्रिया प्रथम

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी एचआर पदमे एवं नीलम चतुर्वेदानी के मागदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत भाषण एवं इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में सायना नॉज तथा इलेक्शन क्विज में प्रिया जाम्बुलकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रतियोगिताओं के निर्णायक डॉ. आशा चौधरी, डॉ. आरआर कोचे, गुलशन सिन्हा, सोनाली लोया, गोपाल कृष्ण यादव, बेदप्रकाश साहू, ओम प्रकाश वर्मा, अविनाश सिंह थे।

# एकीकृत बाल विकास सेवा योजना पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा 16 नवम्बर को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के दिशा निर्देशन एवं गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के मागदर्शन में केन्द्र सरकार की सेवा योजना एकीकृत बाल विकास सेवा विषय पर विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया. इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को एकीकृत बाल विकास सेवा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि1975 में शुरू यह भारत में एक सरकारी कार्यक्रम है, जो केन्द्रीय स्तर की योजना है.

इस योजना में 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और उनकी माताओं को पोषण आहार, पूर्व स्कूली शिक्षा, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और रेफरल सेवाएं प्रदान करता है. इस योजना के माध्यम से गांव एवं शहर की गर्भवमती महिलाएं, धात्री माताएं एवं 0 से 6 वर्ष के बच्चें लाभ उठाकर लाभांवित हो रहे है। इस योजना से केन्द्र सरकार की मंशा यह है कि लोगो को कुपोषण से बचाया जा सकें। इस व्याख्यान से महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राएं लाभांवित हुए।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Rajnandgaon - 22 Nov 2022 - 22rajn5

# विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर व्याख्यान



**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा 16 नवम्बर को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के दिशा निर्देशन एवं गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के मागदर्शन में विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर "आयुर्वेद के साथ उच्च रक्त शर्करा से निजात" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर , इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी व गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी ने अपने उद्बोधन में मधुमेह क्या है, कारण एवं इसके नियंत्रण एवं आयुर्वेद के सुझाव दिए. इस व्याख्यान से महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं लाभांवित हुए.

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 30 Nov 2022 - 30rajn2

# आंबेडकर की सामाजिक राजनीतिक यात्रा पर संगोष्ठी



**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. प्रदीप जम्बुलकर के निर्देशन एवं राजनीत विज्ञान विभाग की प्राध्यपिका अनिमा मिंज के मार्गदर्शन में संविधान दिवस के उप्लछ में विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया.जिसका विषय था"भीमराव अंबेडकर की सामाजिक राजनीतिक यात्र पर एक नजर" कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी संविधान निर्माता डॉ बी आर अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जम्बुलकर द्वारा अपने उद्‌बोधन में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह भारतीय राजनीति की एक दूरी की तरह है जो आज दुनिया भर के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण मसीहा एवं संतुलित समाज संरचना के प्रेरक महामानव है. इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में में राजनीतिक विज्ञान प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने भी अपने पेपर प्रस्तुत किए कार्यक्रम का संचालन राजनीतिक विज्ञान प्रथम सेमेस्टर अमन नामदेव एवं आभार प्रदर्शन राजनीतिक विज्ञान की अतिथि व्याख्याता अनिमा मिंज के द्वारा किया गया.

# एनसीसी कैडेट्स ने दिया स्वच्छता एवं नशाबंदी का संदेश




## *महाविद्यालय में मनाया गया एनसीसी दिवस*

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एन.सी.सी. इकाई द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट आर.आर.कोचे के मागदर्शन में एन.सी.सी. दिवस मनाया गया. इस अवसर पर कैडेट्स द्वारा देशभक्ति का अदम्य साहस, एक बलिदान का परिचय देते हुए देश स्वच्छता संदेश के साथ नशा मुक्ति के लिए भी नगर भ्रमण कर रैली के माध्यम से शहरवासियों को जागरूक किया गया.

कार्यक्रम का संचालन करते हुए एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट आर.आर. कोचे ने राष्ट्रीय कैडेट् कोर की स्थापना के उद्देश्यों एवं महत्व पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर एन.सी.सी. कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के माध्यम से कैडेट्, डिकेश्वरी, हसीना, दुलेश्वर एवं साथियों द्वारा देशभक्ति पूर्ण नृत्य, गीत तथा कविताएँ भी प्रस्तुत की गई। इसी प्रकार दीपक वर्मा, रूपचंद, डाकेश्वर वर्मा एवं शिवम ने स्लो साईकिल प्रतियोगिता में शिवम ने प्रथम तथा डाकेश्वर वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. आशा चौधरी, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, नीलम चतुर्वेदानी, वेदप्रकाश साहू, गोपाल कृष्ण यादव, एच.आर. पदमे, बेदप्रकाश साहू, डॉ. नीता ठाकुर, डॉ.मेधाविनी तुरे, एवलाल मेश्राम, कु. पदमा खुटे, लीलाराम देवांगन, कु. मनीषा भेड़िया, कु. नीलम सिन्हा, महाविद्यालय के मुख्य लिपिक जे. के. देवांगन, संदीप गजभिये, सीनियर अजुर आफिसर दीपक कुमार वर्मा, करन वर्मा, शीतल अग्रवाल, नेहा वर्मा, भूमिका, रूपचन्द आदि के साथ कर्मचारी एवं एन.सी.सी. कैडैट्स उपस्थित थे। अंत में एन.सी.सी. गीत के साथ सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों को लेफ्टिनेंट आर.आर. कोचे द्वारा मैडल प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की.

हरिभूमि
रायपुर - [illegible]
11 Oct 2022

# स्वयंसेवको ने की सफाई



डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय की रासेयो इकाई के स्वयंसेवकों ने प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारियों के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाकर महाविद्यालय से गाजमर्रा रोड तक सफाई की। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक सहित अन्य कचरा एकत्रित कर लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान विक्की रामटेके, रोशन वर्मा, राजाराम सिन्हा, प्रियांश वैशाली, नंदिनी, मानसी, राकेश, मयूरी सिन्हा, लीना देवांगन आदि ने श्रमदान किया।

मौजूद थे।

# बताया ओजोन परत का महत्व



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन एवं भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष हेमुराम पदमे के मार्गदर्शन में शुक्रवार को विश्व ओजोन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में ओजोन परत के महत्व को बताना एवं वर्तमान में हो रहे ओजोन क्षरण को लेकर जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर ने छात्र-छात्राओं को ओजोन परत का महत्व समझाते हुए इसके संरक्षण हेतु प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष हेमुराम पदमे ने ओजोन क्षरण एवं संरक्षण पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. नौशीन अंजुम ने छात्र-छात्राओं को महत्व समझाते हुए इसकी थीम पर प्रकाश डाला। छात्र मेघनाथ जंघेल, डोमेश्वर कुमार एवं मुकुल महोबिया ने विश्व ओजोन दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
30 Sep 2022

# कॉलेज में मेरी थाली थीम पर व्यंजन स्पर्धा



डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के संरक्षण एवं गृह विज्ञान एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर गर्भावस्था में पोषक युक्त मेरी थाली थीम पर व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने गर्भावस्था में संतुलित आहार कैसा होना चाहिए? क्या-क्या पोषक तत्वों को अतिरिक्त मात्रा में दिया जाना चाहिए? कौन से भोजन व्यंजन में क्या पोषक तत्व मौजूद होते हैं? को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता में जज के रूप में डॉ श्रीमती रेवती, डॉ. आशा चैधरी एवं अविनाश सिंह थे। गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष नीलम चतुर्वेदानी ने राष्ट्रीय पोषण माह के उद्देश्य एवं पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। स्पर्धा में प्रथम पूनम साहू, द्वितीय आशु, तृतीय सुमन वर्मा रही। कार्यक्रम में हेमुराम पदमे, गुलशन सिन्हा, प्रतिभा सिंह, ज्योति साहू सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन सोनाली लोया ने किया।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 28 Apr 2023 - 28rajn 2
epaper.navabharat.news



# डोंगरगढ़ महाविद्यालय में विलियम शेक्सपियर की 459 वीं जयंती मनी

नवभारत रिपोर्टर. डोंगरगढ़।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के अंग्रेजी विभाग में विलियम शेक्सपियर की 459 वीं जन्म वर्षगांठ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के दिशा निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को मनाई गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती आशा चौधरी एवं विशेष अतिथि के रुप में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अर.आर. कोचे उपस्थित थे.

डॉ आशा चौधरी ने विलियम शेक्सपियर को ना सिर्फ इंग्लैंड के नाटककार बताया. डॉ आर.आर. कोचे ने शेक्सपियर के जीवन एवं कार्य पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शेक्सपियर के जीवन से सीखने एवं अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही.विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा ने साहित्य के क्षेत्र में शेक्सपियर के अतुलनीय योगदान पर चर्चा की. इसी तरह छात्र चंद्रशेखर, योगेश, संध्या, प्रांजल ,क्षमा ,शुभम, सिद्धार्थ आदि विद्यार्थियों ने भी अपना विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा प्रेरणा एवं आभार प्रदर्शन छात्र राम पटेल के द्वारा किया गया.

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 10 Feb 2023 - 10rajn3
epaper.navabharat.news

# शहीद दिवस पर मौन रखकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय रायपुर एवं कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव के निर्देशानुसार 30 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजें भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी शहीद दिवस को महाविद्यालय के नये एवं पुराने भवन में समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में दो मीनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने मौन धारण के पूर्व छात्र-छात्राओं को शहीद दिवस की जानकारी देते हुए बताया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति मंर प्रति वर्ष 30 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजें सारे देश में दो मीनट का मौन रखा जाता है. श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, क्रीडा अधिकारी, ग्रंथपाल, अतिथि व्याख्यातगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
12 Feb 2023

# कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण



■ परीक्षा की तैयारी में जुटने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने की। विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जिपं सदस्य पुष्पा वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, संदीपसिंह गहरवार, कमलेश्वर वर्मा, किशन वैष्णव, नलिनी मेश्राम थे। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद नेहा टेम्भुरकर ने राज्यगीत की प्रस्तुति दी। इस मौके पर उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, पुष्पा वर्मा, सुदेश मेश्राम ने छात्र जीवन के महत्व को समझाते हुए आगे बढ़ने का आव्हान किया। बैंक अध्यक्ष नवाज खान ने छात्र-छात्राओं को का उत्साहवर्धन करते हुए आगामी परीक्षाओं की तैयारी करने में जुटने प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर ने प्रतिवेदन का वाचन किया।

## प्रतिभाशालियों का सम्मान

छात्र-छात्राओं को प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने, एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने दानदाताओं द्वारा स्वर्ण पदक के लिए दान स्वरूप 10-10 हजार देने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। अगली कड़ी में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया। विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र-छात्राओं को जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान की ओर से ब्लैजर प्रदान किया गया। संचालन डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, डॉ. आशा चौधरी एवं डॉ. नीता राजपूत ने किया। कार्यक्रम में डॉ. आरआर कोचे, नितेश तिरपुड़े, जीके यादव, नीलम चतुर्वेदानी, सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, गुलशन सिन्हा, एचआर पदमे, अविनाश सिंह, वेदप्रकाश साहू, डॉ.मेधाविनी तुरे, डॉ.नौशिन अंजुम, तूलिका चक्रवर्ती, ऋचा अग्रवाल, पदमा खुटे, ज्योति साहू, प्रतिभा सिंह, अनिमा मिंज, एवलाल मेश्राम, रोशन साहू, वासुदेव साहू, लीलाराम देवांगन, प्रिया ठाकुर, नीलम सिन्हा, अंजलि देवांगन, मोनिका वर्मा, मनीषा मेड़िया, संतराम वर्मा, मीनाक्षी साहू सहित अन्य मौजूद थे।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 11 Feb 2023 - 11rajn6
epaper.navabharat.news

# नेहरू महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह

नवभारत रिपोर्टर। डोंगरगढ़।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 7 फरवरी मंगलवार को संपन्न हुआ.कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान द्वारा की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष नवाज खान एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण के साथ हुआ.तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्रा कु. नेहा टेम्भुरकर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्यगीत की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई. कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री खान द्वारा हे शारदे मां गीत की प्रस्तुति देकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया. प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवांवित किया है.




महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने एवं एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को शहर के दानदाताओं द्वारा स्वर्ण पदक के लिए दानस्वरूप 10-10 हजार की राशि महाविद्यालय को प्रदान की.

## गीत संगीत पर झूमे श्रोता

छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढी संस्कृति एवं लोककला पर आधारित लोकनृत्य सहित अन्य समधुर गीतों की प्रस्तुति दी. योगा साइंस के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य के माध्यम से विभिन्न योगासनो की आकर्षक प्रस्तुति दी गई. उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया - प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को स्वर्ण पदक के साथ-साथ सत्र में वार्षिक खेलकूद, विश्वविद्यालयीन, एनसीसी, एनएसएस एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमोन्टो, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.इस बार विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र-छात्राओं को जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान द्वारा अपनी ओर से ब्लैजर प्रदान कर पुरस्कृत किया गया.कार्यक्रम का संफल संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, डॉ. श्रीमती आशा चैधरी एवं डॉ. नीता राजपूत ने किया.कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर द्वारा समस्त अतिथियों, गणमान्य नागरिकों महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन-व्यवस्थापन हेतु बधाई दी.

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
14 Feb 2023

# विद्यार्थियों को कम्प्यूटर ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 5 दिवसीय रोजगारोन्मुखी सर्टिफिकेट ट्रेनिंग का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम 13 से 17 फरवरी तक चलेगा।

ट्रेनिंग प्रोग्राम में बीआईटी दुर्ग के प्रोफेसर सुनील कुशवाहा, सुभाशीष सरकार, डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती एवं सीआईईएल मुंबई के डॉ. नीरज खरिया छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर की बेसिक एवं एडवांस जानकारी, व्यक्तित्व विकास, रोजगार मार्गदर्शन, वित्तीय सलाह



एवं बैंकिंग सेक्टर की जानकारी देंगे। पहले दिन बीआईटी दुर्ग के प्रोफेसर कुशवाहा एवं प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। प्रोफेसर कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को प्रोजेक्टर के माध्यम से एमएस एक्सल की आधारभूत से लेकर एडवांस लेबल की जानकारी दी। अंत में श्री कुशवाहा ने पौधारोपण किया। संचालन कम्प्यूटर साइंस विभाग की तूलिका चक्रवर्ती ने किया।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

21 Feb 2023

# कॉलेज में पांच दिवसीय ट्रेनिंग

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में कम्प्यूटर साइंस विभाग एवं आईक्यूएसी



के तत्वावधान में कालेज टू कार्पोरेट विषय पर 5 दिवसीय रोजगारोन्मुखी ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में बीआईटी. दुर्ग के प्रो. सुनील कुशवाहा, सुभाशीष सरकार, डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती एवं सीआईईएल मुंबई के नीरज खरिया ने छात्र-छात्राओं को एमएस एक्सल की बेसिक से एडवांस, टैली आदि की जानकारी दी। चौथे दिन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा विभाग के अपर संचालक डॉ. सुशीलचंद्र तिवारी थे। उन्होंने ट्रेनिंग प्रोग्राम को लाभदायक बताया। महाविद्यालय के स्टाफ सहित 550 छात्र-छात्राओं ने ट्रेनिंग प्रोग्राम का लाभ उठाया।

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
23 Feb 202

# कॉलेज में क्रिकेट प्रशिक्षण 25 तक



डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 21 से 25 फरवरी तक क्रिकेट पुरूष खिलाड़ियों को प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इस शिविर के लिए विभिन्न महाविद्यालयों के 16 खिलाडियों का चयन किया गया है, जिसमे नेहरू महाविद्यालय के खिलाड़ी सौरभ यादव भी शामिल है।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 28 Feb 2023 - 28rajn4
epaper.navabharat.news

# छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

डोंगरगढ़. शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा के मार्गदर्शन में 22 फरवरी को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया. जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को राम मंदिर रायपुर, कौशल्या मंदिर चंदखुरी एवं श्याम घाट आरंग का दर्शन कर वहां के दार्शनिक, प्राकृतिक एवं भौगोलिक वातावरण का अवलोकन कराया गया. इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के अतिथि व्याख्यातागण पदमा खुटे, अंजलि देवांगन सहित विभाग के छात्र-छात्राएं योगेश, चंद्रशेखर, संध्या, अलका, प्रेरणा, सिद्धार्थ, लोकेश, राम ,सुनील, निकिता, त्रिलोक, पुष्पेंद्र ,सुदर्शन आदि उपस्थित थे. इस भ्रमण से कुल 30 छात्र-छात्राएं लाभांवित हुए.



# अंतर महाविद्यालयीन क्रास कंट्री स्पर्धा में 109 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया

भास्कर न्यूज | डोंगरगढ़




स्पर्धा के बाद खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के शारीरिक शिक्षण विभाग के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जांबुलकर के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर के नेतृत्व में 30 दिसंबर को अंतर महाविद्यालयीन क्रॉस कंट्री दौड़ पुरुष/महिला प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले 20 शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय के कुल 109 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसमें 42 महिला वर्ग से एवं 67 पुरुष से खिलाड़ी सम्मिलित हुए।

प्रतियोगिता 10 किमी थी जो सुबह सात बजे पुराने महाविद्यालय भवन से शुरू होकर पुराने महाविद्यालय में समाप्त हुई। प्रतियोगिता में बेरला, दुर्ग, उतई, सोमनी, डोंगरगांव, गंडई, राजनांदगांव, भिलाई, अंबागढ़ चौकी महाविद्यालय के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा थे। विशिष्ट अतिथि शारीरिक शिक्षण विभाग दुर्ग विश्वविद्यालय के संचालक दिनेश, कल्याण महाविद्यालय भिलाई के क्रीडा अधिकारी अमरीक सिंह, दिग्विजय महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अरुण, व्यायाम शिक्षक ईश्वर निर्मलकर सहित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जामबुलकर, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नंदेश्वर उपस्थित थे। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 04 Jan 2023 - 04rajn2main issu
epaper.navabharat.news

# महाविद्यालय में सावित्री बाई फुले की मनाई गई जयंती



**नवभारत प्रतिनिधि। डोंगरगढ़।**

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्याल डोंगरगढ़ के ग्रंथालय विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के दिशा-निर्देशन एवं ग्रंथालय विभाग के विभागाध्यक्ष नितेश तिरपुड़े के मागदर्शन में 3 जनवरी मंगलवार को आधुनिक भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर द्वारा सावित्री बाई फुले के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण कर किया गया.

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर द्वारा सावित्री बाई फुले के संघर्षमय जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि भारत में शोषित वंचित वर्ग की महिलाओं में शिक्षा की अलख जलाने वाली भारत की प्रथम आधुनिक शिक्षिका सावित्रीबाई फुले ने अपने जीवन का मिशन-विधवा विवाह करवाना ,भेदभाव मिटाना, महिलाओं के मुक्ति और शिक्षा के लिए समर्पित कर दिया. जिस जमाने में पर्दा प्रथा जाति प्रथा बाल विवाह थी, जिस समय समाज में महिला शिक्षा को पाप समझा जाता था.ऐसे समय शोषित वंचित वर्ग की महिलाओं में शिक्षा का अलख जगाने के लिए ,उन्होंने महात्मा ज्योतिबा राव फुले के साथ मिलकर, मार्च 1848 में बालिका शिक्षा के लिए पुणे में एक विद्यालय की स्थापना की.कार्यक्रम में महाविद्यालय के गंरथपाल नितेश तिरपुड़े एवं सहायक प्राध्यापक अविनाश सिंह ने भी सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही. इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक जी.के. यादव, गुलशन सिन्हा, ओमप्रकाश वर्मा, बेदप्रकाश साहू, अविनाश सिंह, तूलिका चक्रवर्ती, ज्योति साहू, डॉ. नीता ठाकुर, डॉ. मेधाविनी तुरे, पदमा खुटे, मोनिका वर्मा, नीलम सिन्हा, अंजलि देवांगन, रोशन साहू, वासुदेव साहू, सहित कर्मचारीगण जेके देवांगन, संजय तिवारी, बीएस मंडावी, के.जी.सोनकर, संदीप गजभिये, सुशील सोनवानी, चित्रा खोब्रागढ़े सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि
5 Jan 2023

# वाणिज्य विभाग ने मनाया उपभोक्ता दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन एवं वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक गोपाल कृष्ण यादव, बेदप्रकाश साहू, ज्योति साहू एवं प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष गोपाल कृष्ण यादव ने दिवस मनाने के कारण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत सरकार ने 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस घोषित किया है क्योंकि भारत के राष्ट्रपति ने उसी दिन ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के अधिनियम को स्वीकारा था। प्रतिभा सिंह ने बताया कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य उपभोक्ता के अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाना है। सहायक प्राध्यापक बेदप्रकाश साहू ने उपभोक्ता के 6 अधिकार को बताया। कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 06 Jan 2023 - 06rajn2
epaper.navabharat.news

# ग्राम कुर्रुभाठ में 7 जनवरी को मंडाई

**डोंगरगढ़.** ग्राम कुर्रुभाठ में 7 जनवरी को मंडाई का आयोजन रखा गया है. रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी दुरे बंजारी का कार्यक्रम रखा गया है. क्षेत्रवासियों से उपस्थिति की अपील आयोजन समिति व ग्राम वासियों की ओर से की गई है.

# नेहरू महाविद्यालय में अर्धवार्षिक परीक्षायें 10 जनवरी से

**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2022-23 की अर्धवार्षिक परीक्षायें 10 जनवरी से प्रारंभ है. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर ने बताया कि वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के स्नातक स्तर की अर्धवार्षिक परीक्षायें नये महाविद्यालय भवन एवं कला संकाय की परीक्षायें पुराने महाविद्यालय भवन में निर्धारित समय सारणी अनुसार संचालित की जायेगी. बी.ए., बी.कॉम. एवं बी.एस.सी. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के समस्त नियमित विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है. परीक्षा में प्रत्येक विषय के दोनो प्रश्न पत्रो से प्रश्न पूछे जायेंगे. महाविद्यालय के सूचना पटल पर समय सारणी एवं सूचनाएं चस्पा कर दी गई है.

# नेहरू महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

डोंगरगढ़(दावा)। शा. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार एवं युवा उत्सव अंतर्गत वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन एवं एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर के मागदर्शन 5 जनवरी को पुराने महाविद्यालय में हुआ.

प्रतियोगिता के प्रथम चरण में प्रातः 11 से दोप 1 बजें तक छात्रो हेतु कैरम सिंगल एवं डबल तथा छात्राओं हेतु कुर्सी दौड़, रूमाल पेटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई. इसी प्रकार द्वितीय चरण में दोपहर 2 बजें से 4 बजें तक छात्र-छात्राओं हेतु शतरंज प्रतियोगिता एवं छात्राओं हेतु मेहंदी रचाओं, गिफ्ट पेकिंग व लिफाफा सजाओं प्रतियोगिता आयोजित की गई. सभी प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. खेल प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकों, अतिथि व्याख्याताओं एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा.

# ग्राम कुर्रुभाठ में कल मंडई

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम कुर्रुभाठ में 7 जनवरी को मंडई का आयोजन रखा गया है. रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी दुर्रेबंजारी का कार्यक्रम रखा गया है। क्षेत्रवासियों से उपस्थिति की अपील आयोजन समिति व ग्रामवासियों ने की है।



राजनांदगांव (दावा)। जिला अधिवक्ता संघ राजनांदगांव के द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण पर आ गई है। कैरम के सिंगल वर्ग में आज दोपहर 2 बजे मुकेश बागड़े और दोहन सिंह टण्डन के मध्य फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 11 Jan 2023 - 11rajn2
epaper.navabharat.news

# मशीन लर्निंग पर सर्टिफिकेट ट्रेनिंगमें शामिल हुए छात्र-छात्राएं



**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ एवं श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई का विगत दिनों आपसी सहयोग एवं समन्वयक (एम.ओ.यू.) हुआ था जिसके अंतर्गत श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग एवं एम.ओ.यू. पार्टनर एनियन सॉफ्टेक द्वारा मशीन लर्निंग विषय पर 05 दिवसीय सर्टिफिकेट ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन 5 जनवरी को किया गया. एम.ओ.यू. के तहत शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन में कम्प्यूटर विभाग के छात्र-छात्राओं ने उक्त ऑनलाइन माध्यम से सर्टिफिकेट ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेकर सर्टिफिकेट प्राप्त किया. उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेश राव (डायरेक्टर एनियनसॉफ्टेक, रायपुर) व महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, डीन (अकदामिक) डॉ. जे. दुर्गाप्रसाद राव उपस्थित थे. इस 05 दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में मुख्य वक्ता ने अपने व्याख्यान दिया. कार्यक्रम का संचालन ऑफलाईन एवं ऑनलाईन (गुगल मीट) दोनों मोड के द्वारा किया गया. ताकि विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थीगण इससे जुड़ कर लाभान्वित हो सके.एम.ओ.यू. पार्टनर शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के छात्र-छात्राओं ने जुड़कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया.

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

15 Jan 2023

# रासेयो ने मनाई विवेकानंद जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ प्रदीप जामुलकर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हेमूराम पदमे, नीलम चतुर्वेदानी के मागर्शन में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर श्री जामुलकर ने छात्र-छात्राओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारने का आव्हान किया। हेमू राम पदमे ने जीवन परिचय पर प्रकाश डाला।

अतिथि व्याख्याता सुश्री पद्मा खुटे ने युवा शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ आरआर कोचे, डॉ आशा चौधरी, गुलशन सिन्हा, नीता ठाकुर, मेधाविनी तुरे, नीलम सिन्हा डॉ नौशीन अंजुम, मनीषा भेड़िया, अनिमा मिंज, अंजलि, मीनाक्षी साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
24 Jan 202

# भाषण प्रतियोगिता में हीना प्रथम




डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ में प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर एवं डॉ आशा चौधरी के नेतृत्व में इतिहास विभाग ने सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाया। इस दौरान सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ चौधरी ने बोस के जीवन एवं उनके संघर्ष पर विस्तार से बताया। तत्पश्चात तृप्ति जंघेल, डाकेश्वर वर्मा, वर्षा बेकार, श्वेता निर्मलकर, गीता पटेल, दामिनी धुर्वे, हिना वर्मा, आरती वर्मा ,खिलेश देवांगन, मोनिका सिन्हा, तरुण कोर्राम, ममता टेकाम ने जीवन परिचय, आजाद हिंद फौज की स्थापना, स्वतंत्र आंदोलन में बोस के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। । भाषण प्रतियोगिता में प्रथम हीना वर्मा, द्वितीय डाकेश्वर वर्मा और तृतीय स्थान पर गीता पटेल रही। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अतिथि व्याख्याता एवलाल मेश्राम ने किया।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 24 Jan 2023 - 24rajn4
epaper.navabharat.news

# सुभाष चंद्र बोस जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ मे 23 जनवरी को, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर की अनुमति एवं विभागाध्यक्ष डॉ श्रीमती आशा चैधरी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में इतिहास विभाग द्वारा सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई. इस पर विभाग के द्वारा सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज शीर्षक पर छात्र-छात्राओं में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ श्रीमती आशा चैधरी ने सुभाष चंद्र बोस की जीवन एवं उनके संघर्ष पर विस्तार पूर्वक अपने विचार रखें. तत्पश्चात छात्र-छात्राओं कु. तृप्ति जांघेल, डाकेश्वर वर्मा, वर्षा बेकार, श्वेता निर्मलकर, गीता पटेल, दामिनी धुर्वे, हिना वर्मा आरती वर्मा ,खिलेश देवांगन, मोनिका सिन्हा, तरुण कोर्राम, ममता टेकाम ने सुभाष चंद्र बोस की जीवन परिचय, आजाद हिंद फौज की स्थापना, स्वतंत्र आंदोलन में सुभाष चंद्र बोस के योगदान पर विस्तार पूर्वक अपने विचार रखें. भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. हीना वर्मा, द्वितीय स्थान डाकेश्वर वर्मा और तृतीय स्थान कु.गीता पटेल ने प्राप्त किया.

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
28 Jan 2023



# विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ के भूगोल विभाग के छात्र-छात्राओं ने गत दिनों भौगोलिक भ्रमण किया। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष हेमूराम पदमें एवं डॉ. नौशीन अंजुम के नेतृत्व में बीए अंतिम के छात्र-छात्राओं ने प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थानों का अवलोकन किया। छात्र-छात्राओं ने मैकाल पर्वत के नैसर्गिक सौंदर्य, पर्यटन स्थल को करीब से देखा। इस भ्रमण में भूगोल परिषद अध्यक्ष मेघनाथ जंघेल, ढालसिंह, उमाकांत, पुष्पा, चैंपिका, नेहा साहू ,मुनेश कुमार, मुकुल महोबिया, दिव्या नामदेव, दुमेश्वर सिन्हा, रितु पटेल, कुंजी टंडन, रोहन निषाद, कुलेश्वर, नीलकमल वर्मा, योगेश वर्मा, स्वालेहा खान, आंचल रामटेके एवं प्रिया महोबिया आदि शामिल हुए।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 28 Jan 2023 - 28rajn3
epaper.navabharat.news

# नेहरू महाविद्यालय में मना गणतंत्र दिवस



**नवभारत रिपोर्टर .डोंगरगढ़.**

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर द्वारा महाविद्यालय के नवीन एवं पुराने भवन में ध्वजारोहण किया गया. तत्पश्चात उपस्थित समस्त स्टाफ, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में राष्ट्रगान गाकर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई.तत्पश्चात आजादी के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महापुरूषों एवं वीर शहीद जवानों की कुर्बानियों को याद करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई. संस्था प्रमुख एवं वक्ताओं के वक्तव्य के पश्चात एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी.

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. आशा चैधरी, डॉ. एम.एल. नंदेश्वर, नितेश तिरपुडे, जी.के. यादव, नीलम चतुर्वेदानी, सोनाली लोया, गुलशन सिन्हा, ओमप्रकाश वर्मा, अविनाश सिंह, हेमुराम पदमे, बेदप्रकाश साहू अतिथि व्याख्यातागण डॉ. नीता राजपूत, डॉ. नौशिन अंजुम, डॉ. मेधाविनी तुरे, एवलाल मेश्राम, अनिमा मिंज, तूलिका चक्रवर्ती, सुश्री ऋचा अग्रवाल, ज्योति साहू, प्रतिभा सिंह, सुश्री पदमा खुटे, लीलाराम देवांगन, संतराम वर्मा, रोशन कुमार, वासुदेव साहू, सुश्री मनीषा भेड़िया, मोनिका वर्मा, नीलम सिन्हा, अंजलि देवांगन, मिनाक्षी साहू, कर्मचारीगण जेके देवांगन, संजय तिवारी, बीएस मंडावी, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, संदीप गजभिये, शैलेन्द्र यादव सहित एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रास, योगा साइंस, एवं अन्य कक्षाओं के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

# निष्पक्ष मतदान करने दिलाई शपथ

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार निर्वाचन आयोग के



निर्देशानुसार शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के दिशा-निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम अधिकारी हेमूराम पदमे एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर ने छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर मतदान के प्रति शपथ दिलायी एवं कहा कि वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने के साथ ही लोकतंत्र में उन्हें सक्रिय रूप से भाग लेने की पात्रता हो जाती है। इसे गंभीरता से लेते हुए बेहतर समाज के निर्माण के लिए मतदान प्रक्रिया का हिस्सा जरूर बनें । साथ ही धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. श्रीमती आशा चैधरी, डॉ. आर.आर.कोचे, गुलशन सिन्हा, डॉ. नीता राजपूत, डॉ.नौशीन अंजुम, डॉ. मेधाविनी तुरे, सुश्री पदमा खुटे, सुश्री अनिमा मिंज, सुश्री मनीष भेड़िया, सुश्री नीलम सिन्हा, सुश्री मीनाक्षी साहू, सुश्री अंजलि देवांगन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

1 Feb 2023

# छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण



डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के हिंदी विभाग की प्रध्यापक डॉ. नीता राजपूत, डॉ. मेधाविनी तुरे एवं नीलम सिन्हा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने रायपुर के प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया। छात्र-छात्राओं ने नंदनवन की स्वच्छता, पुष्पवाटिका, कृत्रिम झरने का अवलोकन किया। तत्पश्चात पुरखोती मुक्तांगन, हटकेश्वरनाथ मंदिर, नवग्रह मंदिर, काली मंदिर आदि का दर्शन किया। शैक्षिक भ्रमण से 32 छात्र -छात्राए शामिल हुए।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 13 Jan 2023 - 13rajn3
epaper.navabharat.news

# प्रथम मैच में गंडई एवं डोंगरगढ़ कॉलेज की टीम विजयी



**नवभारत रिपोर्टर. डोंगरगढ़।**

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के निर्देशानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी के मागदर्शन में सेक्टर लेवल क्रिकेट पुरूष प्रतियोगिता 11 जनवरी को महाविद्यालय स्टेडियम में शुरू हुई. प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहकारी केन्द्रीय बैक एवं महा. जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में नगर पालिका डोंगरगढ़ परिषद के अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप गहरवार सहित शास.महा. गंडई, मोहला एवं पिपरिया महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित रहे.

कार्यक्रम में समस्त अतिथियों एवं बाहर से आयी टीमों को पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया गया. मुख्य अतिथि नवाज खान ने अपने उद्बोधन में खिलाडियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने शारीरिक शिक्षण विभाग को सेक्टर लेवल क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बधाई देते हुए बाहर से आये हुए खिलाडियों को स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया. प्रतियोगिता के प्रथम दिवस का मैच शासकीय महाविद्यालय, मोहला एवं शास.महा. गंडई के बीच खेला गया, जिसमें मोहला टीम ने टॉस जीतकर पहले फिल्डिंग का निर्णय लिया.शास.महा. गंडई की टीम ने प्रथम बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 16.4 ओवर तक ही खेलकर 91 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. 92 रन का लक्ष्य लेकर शास.महा. मोहला की टीम 10 ओवर में 42 रनो में ही ऑलआउट हो गई. पहले मैच में गंडई महाविद्यालय की टीम विजयी रही.

प्रतियोगिता का दूसरा मैच शास.महावि. डोंगरगढ़ एवं शास.महा. पिपरिया की टीम के बीच खेला गया जिसमें डोंगरगढ महा. की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 196 रन बनायें जिसमें सौरंभ यादव ने 82 रन, रूपेश मसीह ने 63 रनो की महत्वपूर्ण पारी खेली। 197 रन का लक्ष्य लेकर पिपरिया महा. की टीम बल्लेबाजी करते हुए 11 ओवर में 54 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह दूसरा मैच में डोंगरगढ़ महाविद्यालय की टीम विजयी रही। 12 जनवरी का प्रथम मैच शास.महा. खैरागढ़ एवं सीआईटी राजनांदगांव तथा दूसरा मैच शास.महावि. बोडला एवं शा.महा. अम्बागढ चौकी के बीच खेला जायेगा.

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 19 Jan 2023 - 19rajn2
epaper.navabharat.news

# दिग्विजय महाविद्यालय ने डोंगरगढ़ महाविद्यालय को किया पराजित



नवभारत रिपोर्टर. डोंगरगढ़।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेक्टर लेवल क्रिकेट पुरूष प्रतियोगिता का फायनल मैच 18 जनवरी को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव एवं शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ की टीम के बीच खेला गया. डोंगरगढ महाविद्यालय ने पहले टॉस जीतकर पहले फिल्डिंग करने का फैसला लिया. दिग्विजय महाविद्यालय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 138 रन बनायें. 139 रनों का लक्ष्य लेकर डोंगरगढ़ महाविद्यालय की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 91 रन ही बना पायी. इस प्रकार प्रतियोगिता का फायनल मैच दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव ने 48 रन से जीत लिया. मैच में अम्पायर मोरध्वज सोनवानी, निखिल, प्रकाश महानदी, निकुज परमार, अर्शवीर सिंह एवं स्कोरर एम.डी.आलम रहे. मैच के बाद प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा एवं समाजसेवी अनिल सहारे उपस्थित रहे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवाज खान ने दिग्विजय महा. राज. एवं डोंगरगढ़ महाविद्यालय की विजेता एवं उपविजेता रहने पर बधाई देते हुए कहा कि छात्र जीवन में खिलाडी रहना काफी सौभाग्य की बात होती है. उन्होने नेहरू महाविद्यालय के स्टेडियम को उच्च स्तर पर तैयार कर आगे भी जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता हेतु स्टेडियम में खिलाडियों के लिए सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही. कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया.साथ ही इस प्रतियोगिता में सहयोग करने वाले अम्पायर, स्कोरर एवं बेस्ट बेट्समेन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट कैचर एवं बेस्ट फिल्डर को भी सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में दिग्विजय महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी, योग शिक्षक संतराम वर्मा सहित खिलाड़ी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने किया.महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर के मागदर्शन में में प्रतियोगिता संपन्न हुई.

# अर्थशास्त्र विभाग में हुआ बजट विश्लेषण पर व्याख्यान



डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोततर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 28 अप्रैल को वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट विश्लेषण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया. इस व्याख्यान में अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर.आर कोचे ने बजट के एतिहासिक काल में बजट का महत्व से रेखाकंन करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष शासन को साल भर की आय-व्यय का विवरण संसद में प्रस्तुत करना होता है.

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण गुलशन सिन्हा, श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, एचआर पदमे सहित अतिथि व्याख्यातागण डॉ. नौशीन अंजुम, एवलाल, मेश्राम पदमा खुटे ने भी अपने मत बजट के संबध में प्रस्तुत किये. कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राएं विजय कुमार सहारे, कलेश्वर, प्रति महोबिया, रेणुका सिन्हा, ममता मंडावी, चांनसी वर्मा, निमिता देवांगन, वर्षा साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन अर्थशास्त्र विभाग की अ.व्या. मनीषा भेड़िया द्वारा किया गया.

# नोबेल पुरस्कार से पुरस्कृत अर्थशास्त्री पर परिचर्चा आयोजित



डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन तथा अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आर.आर कोचे के मागदर्शन में विगत दिनों अर्थशास्त्र विषय में 2022 के नोबेल पुरस्कार पुरस्कृत अर्थशास्त्री पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.आर.आर. कोचे ने परिचर्चा आरंभ करने से पूर्व नोबेल पुरस्कार के संबंध में प्रकाश डालते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार डायनामाइट के आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल के नाम से 1901 से ऐसे व्यक्ति को दिए जाते हैं जिन्होंने विगत वर्ष में शांति, चिकित्सा, रसायन, भौतिकी, साहित्य के क्षेत्र में लोगों के कल्याण के लिए विशेष योगदान दिया हो। अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार दिए जाने की प्रथा 1969 में आरंभ की गई। वर्ष 2022 में अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार तीन अमेरिकन अर्थशास्त्री बेन एस बर्नान के., उगलस डब्ल्यू तथा सेंट लुईस को बैंकों और वित्तीय संकट पर शोध के लिए दिया गया। इन अर्थशास्त्रियों के बारे में डॉ. कोचे द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि बैंकों के पतन से निपटने के लिए उनके विश्लेषण का विशेष महत्व है। परिचर्चा में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, एचआर पदमे, डॉ.नौशीन अंजुम, एतलाल मेश्राम, पदमा खुटे ने सार्थक सहभागी बनकर कार्यक्रम को प्रासंगिक बनाया। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर कक्षा के विद्यार्थी विजय कुमार, दीपक, कुणाल सहारे, निर्जला मरकाम, हिना सेन, दुर्गा लक्ष्मी साहू, प्रतिक्षा भूतेश्वर, रोशन कुमार सेन, प्रगति, महेंद्र कुमार, रेणुका, वर्षा साहू, ममता पटिला, ज्योति, निमिता देवांगन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका मनीषा भेड़िया द्वारा किया गया।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

31 May 2023

मोरा साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# शुटिंग स्पर्धा के लिए हसीना चयनित

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा हसीना का



चयन राष्ट्रीय शुटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। एनसीसी कैडेट हसीना का चयन विभिन्न स्तरों पर आयोजित शुटिंग की कड़ी प्रतियोगिता के पश्चात केरला में आयोजित राष्ट्रीय शुटिंग प्रतियोगिता के लिए 38 बटालियन एनसीसी राजनांदगांव से एकमात्र कैडेट का चयन हुआ है। चयनित हसीना को जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान, सदस्यों सहित प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती, आरआर कोचे आदि ने बधाई दी है।